प्रादेशिक समाचार
दिनांक–11.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड के पलामू, खूंटी, सिंहभूम और लोहरदगा समेत देशभर के 96 सीटों के लिए अब से दो घंटे बाद शाम पांच बजे चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेनिंग कर सकेंगे। इन सभी सीटों के लिए 13 मई को सवेरे सात से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। वहीं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित कराने के लिए मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों का मतदान केंद्रों के लिए रवानगी का सिलसिला शुरु हो चुका है.। इस कड़ी में आज पलामू में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का उपायुक्त–सह –जिला निर्चावन पदाधिकारी शशि रंजन ने निरीक्षण किया। मौके पर दो सौ तेरह मतदान केंद्रों के लिए आठ सौ बावन मतदान कर्मियों को पूरी सुरक्षा के साथ रवाना किया गया।

****

झारखंड में पांचवे चरण में हजारीबाग चतरा और कोडरमा तथा छठे चरण में रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद सीट के लिए होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान जोरों पर है। इस सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पांच बजे चतरा के सिमरिया स्थित मूरवे में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर सभा स्थल पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला सवेरे से जारी है। उधर, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा भी आज खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में तमाड़ में वोट मांगेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला–खरसांवा और झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन पलामू में चुनावी रैली करेंगी।

****

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई ने आज गिरिडीह जिले की बिरनी प्रखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 मई को प्रस्तावित दौरे को लेकर सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की सभी चौदह सीटों पर एनडीए प्रत्याशी भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

****

उत्पाद विभाग ने चार सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर आज शाम पांच बजे से 13 मई को शाम पांच बजे मतदान समाप्ति तक ड्राई डे घोषित किया है। इस दौरान सभी शराब की दुकानें बंद रहेगी, वहीं होटलों और अन्य स्थलों पर शराब बिक्री और वितरित करने पर रोक रहेगी।

****

खूंटी लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले सिमडेगा जिले में 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

****

ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने का निर्देश मुख्यालय में पदस्थापित अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्हें योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट को एप्प पर भी अपलोड करने को भी कहा गया है, ताकि उसकी समीक्षा हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र भ्रमण के दौरान लाभुकों और ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी लें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में आज पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के मनी लाउंड्रिंग से जुड़े मामले में आरोपी मनोज पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में निचली अदालत से ट्रायल से जुडी अद्यतन रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई 21 जून को होगी।

****

एनटीए ने मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट, सीमैट का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा 15 मई होगी। उधर, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में विभिन्न कोर्सेज में लगभग चार हजार पांच सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यार्थी चांसलर पोर्टल के जरिए तीस मई तक आवेदन कर सकते हैं।

****

रांची के धुर्वा डैम में आज नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शवों को निकालने का प्रयास जारी है।

********समाप्त********